Regarding issues pertaining to Railways in Balia Parliamentary Constituency

श्री सनातन पांडेय (बलिया) : सभापति जी, मैं आपका ध्यान लोकसभा क्षेत्र बलिया में रेल के विषय की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । जब देश आजाद हुआ, तब देश की आबादी लगभग 40 करोड़ के करीब थी । उस समय बलिया में ताजपुर रेलवे स्टेशन को स्टेशन का दर्जा प्राप्त था और गाजीपुर, बलिया के रेवती रेलवे स्टेशनों को भी स्टेशन का दर्जा प्राप्त था । आज हमारी आबादी 140 करोड़ हो गई है और देश की आजादी के इतने सालों बाद इन स्टेशनों को रेल स्टेशनों का दर्जा न देकर रेलवे हॉल्ट का दर्जा दे दिया गया है । मैं मांग करता हूं कि देश की आबादी कोरोना काल में घटी नहीं है और आज देश की आबादी 140 करोड़ है । जनपद बलिया के रेवती स्टेशन और जनपद गाजीपुर के ताजपुर स्टेशन, जो हॉल्ट के रूप में हैं, इन्हें पुन: रेलवे स्टेशनों का दर्जा दिया जाए । वहां टिकट काटने की सुविधा प्रदान की जाए । एक ट्रेन बलिया होकर मेहरधाम को जाती है । यह ट्रेन कोरोना काल से पहले इसूपुर मोहंगाबाद और करीमदीन पुर में रुकती थी । कोरोना के बाद इस ट्रेन का स्टापेज करीमदीन पुर और इसूपुर में बंद कर दिया गया है । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि कोरोना काल से पहले कमानी एक्सप्रेस जो इसूपुर और करीमदीन पुर में रुकती थी, उसके दोबारा ठहराव की व्यवस्था आपके स्तर से दी जाए ।

माननीय सभापति : सनातन पांडेय जी, आपका विषय उत्तर प्रदेश के बारे में अलग विषय था । यदि आप विषय बदलते हैं, तो चेयर से अनुमति ले लिया कीजिए ।

श्री सनातन पांडेय : सभापति जी, मैंने लिखकर दे दिया था ।

माननीय सभापति : ठीक है ।

श्री दारोगा प्रसाद सरोज जी ।